# सदस्य का चुनाव हाईकोर्ट ने किया निरस्त

## आपराधिक मामले की जानकारी छिपाने पर कोर्ट सख्त

**जबलपुर, 09 मार्च. मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में प्रत्याशी द्वारा नामांकन में आपराधिक मामले की जानकारी छिपाने पर सीधी जनपद सदस्य का चुनाव निरस्त कर दिया. जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने निर्वाचन अधिकारी को दोबारा चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं.**



उल्लेखनीय है कि सीधी जिले के रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक-1 से निर्वाचित जनपद सदस्य के पद पर ऋषि राज मिश्रा का निर्वाचन हुआ था. न्यायालय ने पाया कि विजयी प्रत्याशी ऋषिराज मिश्रा ने अपने नामांकन पत्र और शपथ पत्र में आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी नहीं दी, जबकि नियमों के अनुसार यह अनिवार्य है. न्यायालय ने कहा कि गलत या अधूरी जानकारी देकर नामांकन भरना गंभीर त्रुटि है और ऐसी स्थिति में नामांकन पत्र ही स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए था. इसी आधार पर न्यायालय ने निर्वाचन अधिकारी के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें चुनाव याचिका खारिज कर दी गई थी. हाईकोर्ट ने अधिवक्ता सिद्धार्थ सेठ को इस मामले में कोर्ट मित्र नियुक्त किया था. जिन्होंने न्यायालय को बताया कि मप्र पंचायत चुनाव नियम 1995 के नियम 31-. के तहत उम्मीदवार को सभी आपराधिक मामलों चाहे वे लंबित हों या निपट चुके है उनकी जानकारी देना अनिवार्य है.

### यह था मामला

वर्ष 2022 के पंचायत चुनाव के दौरान रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक-1 से कई उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था. मतगणना के बाद 14 जुलाई 2022 को ऋषिराज मिश्रा को सबसे अधिक वोट मिलने पर विजयी घोषित कर दिया गया. चुनाव परिणाम के बाद दूसरे स्थान पर रहे राकेश पांडेय ने मिश्रा के नामांकन पत्र और शपथ पत्र की प्रतियां प्राप्त कर जांच की. इसमें सामने आया कि ऋषिराज मिश्रा ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों और शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी सही जानकारी नहीं दी थी. इसके बाद उन्होंने याचिका दायर कर चुनाव परिणाम को चुनौती दी. निर्वाचन प्राधिकारी ने यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि गलत जानकारी देना भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में नहीं आता और इससे चुनाव परिणाम पर प्रत्यक्ष असर साबित नहीं हुआ.

## हाईकोर्ट में तीन माह का भ्रूण लेकर पहुंचा

जबलपुर. हाईकोर्ट में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति तीन माह का भ्रूण लेकर पहुंचा। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे लेकर व्यक्ति को थाने लेकर आ गई जिससे सघन पूछताछ की जा रही है। उसने खुद की जान को भी खतरा बताया है, फिलहाल पूरा मामला स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा। जानकारी के मुताबिक हाईकोर्ट के 17 नंबर कोर्ट रूम में सुनवाई चल रही थी तभी एक व्यक्ति पॉलिथीन में भ्रूण लेकर पहुंच गया था। मामले की विस्तृत जांच पड़ताल के साथ भ्रूण लेकर पहुंचे व्यक्ति से पूछताछ जारी है। एएसपी आयुष गुप्ता का कहना है कि एक व्यक्ति तीन माह का भ्रूण लेकर कोर्ट में पहुंचा था उसने स्वयं की जान को खतरा बताया है, पूछताछ चल रही है जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी.


## खंडवा में कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग

**खंडवा.** शहर के कोरगला रोड पर सोमवार दोपहर एक कबाड़ गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई. इस हादसे में गोदाम के भीतर रखे भारी मात्रा में पुराने फ्रिज, वाशिंग मशीन और कूलर जलकर पूरी तरह खाक हो गए. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार देखा गया. आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं ?शुरुआती जानकारी में जहां शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही थी, वहीं अभी तक आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है. प्रशासन और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं कि आखिर इतनी भीषण आग कैसे भड़की. गोदाम मालिक और आसपास के लोगों से भी इस संबंध में पूछताछ की जा रही है. मशक्कत के बाद पाया काबू ? घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई. स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. राहत की बात यह रही कि आग को समय रहते रोक लिया गया, जिससे पास ही स्थित पाइप फैक्ट्री और अन्य दुकानें इसकी चपेट में आने से बच गईं.

# शराब दुकानों की नीलामी ने तोड़े रिकॉर्ड

▶ 113 दुकानों से सरकार को 1613 करोड़ की बोली, पिछले साल से 404 करोड़ ज्यादा

**इंदौर, 09 मार्च. शराब दुकानों की नीलामी ने इस बार नया रिकॉर्ड बना दिया है. आबकारी विभाग द्वारा अब तक 173 में से 113 दुकानों की नीलामी पूरी हो चुकी है, जिनसे सरकार को 1613 करोड़ रुपए की बोली मिली है.**



यह राशि पिछले साल की तुलना में 404 करोड़ रुपए अधिक है और इस वर्ष सरकार द्वारा तय की गई 1451 करोड़ रुपए की कीमत से भी 161 करोड़ रुपए ज्यादा है. आबकारी विभाग के सूत्रों से मिला जानकारी के अनुसार वर्ष 2026-27 की नई आबकारी नीति के तहत प्रदेशभर में शराब दुकानों की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है. इसी के तहत इंदौर जिले की 173 दुकानों को 56 समूहों में बांटकर तीन चरणों में नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसकी शुरुआत 2 मार्च से हुई थी. सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि अब तक 113 दुकानों के लिए टेंडर प्राप्त हुए हैं, जिन पर 1613 करोड़ रुपए की बोली लगी है. पिछले वर्ष इन्हीं दुकानों की नीलामी से सरकार को करीब 1209 करोड़ रुपए मिले थे, जबकि इस बार बोली में 404 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है.

## आरएसएस सेवा प्रमुख शिवजी रघुवंशी का निधन

**इंदौर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रामेश्वरम् जिला सेवा प्रमुख शिवजी रघुवंशी का आकस्मिक निधन हो गया. उनके निधन के बाद परिजनों ने मानव सेवा का उदाहरण पेश करते हुए नेत्रदान कराया. परिवार द्वारा उनका नेत्रदान शासकीय एमवाय अस्पताल स्थित आई बैंक में संपन्न कराया गया. बताया गया कि शिवजी रघुवंशी लंबे समय से सामाजिक और सेवा कार्यों से जुड़े हुए थे.

# आत्महत्या केस में राहत दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने का मामला

▶ 50 हजार की रिश्वत मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर,09 मार्च.** बड़वानी जिले के अंजड़ थाने में पदस्थ एक उपनिरीक्षक और आरक्षक के खिलाफ आत्महत्या के मामले में राहत दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है. शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज कर लिया है. लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के अनुसार यह कार्रवाई अंजड़ निवासी जयराज चौधरी की शिकायत पर की गई. जयराज चौधरी डायमंड ज्वेलर्स के संचालक हैं और सौर ऊर्जा सामग्री की सप्लाई का काम भी करते हैं.

# सौ करोड़ से निर्मित आईएसबीटी का टेंडर जारी

**इंदौर, 09 मार्च. आईडीए ने आईएसबीटी के पांचवी बार टेंडर जारी किए है, जिसकी कल अंतिम तारीख है. इसके दो दिन बाद मालूम पड़ेगा कि टेंडर में किसी ने भाग लिया है या नहीं.**

पूर्व में चार बार टेंडर जारी हुए थे, लेकिन चौथी बार में ग्वालियर कंपनी ने भाग लिया था, लेकिन अनुभव और संचालन की शर्तो पर खरी नहीं उतरी थी. आईडीए ने पांचवी बार शर्तो में संशोधन कर टेंडर जारी किए थे और 10 मार्च टेंडर भरने के अंतिम तारीख है. आईडीए ने पांचवी बार के टेंडर में 20 साल की लीज और 5 साल का एक्सटेंशन दिया जाएगा. आईएसबीटी को 10 करोड़ रूपए सिक्युरिटी डिपाजिट, टेंडर में न्यूनतम 4 करोड़ रुपए और उस पर राशि का 1 प्रतिशत प्रति माह लीज रेंट के साथ आवेदन में 10 लाख रुपए प्रतिभूति राशि जमा करने की शर्त है.

आईडीए को उम्मीद है कि इस बार टेंडर में शर्त में बदलाव कर न्यूनतम राशि और अन्य शर्तो में बहुत बदलाव कर दिया है, जिससे आसानी से कंपनियां भाग लेने आ सकती है. ध्यान रहे कि आईडीए ने 100 करोड़ की लागत से एमआर- 10 कुमेड़ी में 15 एकड़ जमीन पर आईएसबीटी का निर्माण किया है. आईडीए ने पूर्णतः वातानुकूलित भव्य बस स्टैंड बनाया है. बस स्टैंड से एक दिन में 1440 बसों का आवागमन हो सकता है. बसों और उनके ड्राइवर कंडक्टर के ठहरने से लेकर रेस्त्रां तक की व्यवस्था की गई है. 40 से ज्यादा टर्मिनल और मेट्रो से कनेक्टिविटी तक दी गई है. साथ ही बस स्टेंड पर 38 दुकानें, 16 रेस्टोरेंट की जगह और पहलू मंजिल पर 25 से ज्यादा कंपनियों के ऑफिस संचालित करने की जगह भी है.

# सुको के आदेश के बाद इंदौर की खुली जेल में भी रह सकेंगी महिला कैदी

**इंदौर, 09 मार्च. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद अब इंदौर में भी महिला कैदियों को खुली जेल में रखने की तैयारी शुरू हो गई है. इसके लिए जेल मैन्युअल में संशोधन का प्रस्ताव शासन को भेजा है. नियम लागू होने के बाद इंदौर की खुली जेल में तय शर्तो के आधार पर महिला कैदियों को भी रखा जा सकेगा.**

जेल विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर की सेंट्रल जेल की क्षमता 1280 कैदियों की है, जबकि वर्तमान में यहां करीब 2191 बंदी रखे गए हैं. यानी जेल में क्षमता से काफी अधिक कैदी बंद हैं. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद अब उन महिला कैदियों को खुली जेल में रखने की व्यवस्था की जा रही है, जो गंभीर अपराधों में दोषी नहीं हैं, आदतन अपराधी नहीं हैं और जेल में अनुशासन बनाए रखते हुए अपनी सजा का बड़ा हिस्सा पूरा कर चुकी हैं. अभी तक सुरक्षा कारणों के चलते महिला कैदियों को खुली जेल में नहीं रखा जाता था, लेकिन अब सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करते हुए यह सुविधा शुरू करने की तैयारी की जा रही है. इसके लागू होने के बाद इंदौर की खुली जेल में भी पात्र महिला कैदियों को रखा जा सकेगा.

# मोर का शिकार करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

▶ तीर-कमान सहित हथियार जब्त

**सिंगरौली 9 मार्च. जिले के वन परिक्षेत्र कर्थुआ में राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करने वाले तीन आरोपियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से मोर का शव और शिकार में इस्तेमाल होने वाला सामान भी बरामद किया गया है.**



वन परिक्षेत्र अधिकारी दिव्यांशु सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को पकड़ा. तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से मोर का शव, तीर-कमान बनाने के बर्तन सहित अन्य सामग्री बरामद की गई. गिरफ्तार आरोपियों में हिन्छलाल केवट, रज्जू केवट और सुरेन्द्र उर्फ लाला केवट शामिल हैं. तीनों के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम, 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. वन परिक्षेत्र कर्थुआ में दस दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है.

# 3 ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, दो की मौत

**रीवा, 09 मार्च.** जिले के बैकुण्ठपुर थाने के हर्दी गांव में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. सिजमें सवार दो लोगों घायल हो गए. उनको तत्काल बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक के परिजनों ने बताया कि मनगवां थाने के नवागांव निवासी प्रद्युम्न सिंह 38 वर्ष अपने रिश्तेदार की ट्राली दो महीने पहले लेकर गए थे जिसको रविवार को वे पहुंचाने के लिए हर्दी गांव आये थे. शाम करीब 6 बजे हर्दी गांव के समीप ही उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. इस दौरान ट्रैक्टर में सवार प्रद्युम्न सिंह सहित उनका ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई. एम्बुलेंस की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. बताया गया है कि गांव के कच्चे रास्ते से ट्रैक्टर जा रहा था जिसका एक पहिया सडक़ के किनारे स्थित किसी गड्ढे में घुस गया था जिसकी वजह से वह पलट गया.

# जन कल्याण समिति ने महिला दिवस पर 31 महिलाओं को किया सम्मानित

**ग्वालियर, 09 मार्च. जन सहयोग जन कल्याण बहुउद्देशीय समिति, ग्वालियर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह एवं नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम कम्युनिटी हॉल, कांच मिल रोड स्थित स्व. देवेंद्र सिंह तोमर मार्ग, बिरला नगर हजीरा में आयोजित हुआ.कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाह और महिला अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में किया गया. इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 31 नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया. साथ ही 21 बुजुर्ग माताओं का भी सम्मान कर उनके अनुभव और योगदान को सराहा गया. रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित होली मिलन समारोह में फूलों की भव्य होली खेली गई. फाग और गायन टीम ने पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया. गीत-संगीत की प्रस्तुतियों पर महिला और पुरुष झूमते नजर आए.

## एक नजर में

### चित्रकूट में मंत्री इंदर सिंह परमार का आत्मीय स्वागत



**चित्रकूट.** इंदर सिंह परमार उच्च शिक्षा एंव तकनीकी एवं आयुष मंत्री, मध्यप्रदेश शासन का चित्रकूट आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। वे यहां राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर एवं सम्मेलन के शुभारंभ में शामिल होने पहुंचे थे। आरोग्य धाम गेस्ट हाउस में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. चौबे और कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय ने मंत्री श्री परमार को फ्लॉवर स्टिक भेंट कर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। शिष्टाचार भेंट के दौरान हुई संक्षिप्त चर्चा में मंत्री परमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति का मूल आधार ज्ञान, कौशल और जीवन मूल्यों की समृद्ध परंपरा है.

### बच्चा चोरी की अफवाह से सेमरिया बाजार में हड़कंप



**सीधी.** जिले के सेमरिया क्षेत्र में बच्चा चोरी की अफवाह फैलने से सोमवार को हड़कंप मच गया. सेमरिया थाना क्षेत्र के बढ़ौरा इलाके में खड़े एक कंटेनर ट्रक को लेकर यह अफवाह फैल गई कि उसमें बच्चों को भरकर ले जाया जा रहा है. देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और बाद में सेमरिया थाना पहुंचकर कंटेनर खुलवाने की मांग करने लगे .जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे-39 पर बढ़ौरा के पास खड़े एक कंटेनर ट्रक के चालक द्वारा कुछ स्कूली छात्राओं को पैसे और खाने-पीने का सामान देने की बात सामने आई. बताया गया कि स्कूल से परीक्षा देकर लौट रही छात्राओं को चालक ने 100 रुपये देकर कुछ खाने के लिए कहा, लेकिन छात्राओं ने पैसे लेने से इनकार कर दिया. इसके बाद बच्चियां रोते हुए गांव के एक व्यक्ति के पास पहुंचीं और पूरी बात बताई. इस पर गांव के लोगों ने ट्रक चालक से पूछताछ शुरू कर दी. इसी दौरान कुछ लोगों ने बच्चा चोरी की आशंका जताते हुए अफवाह फैला दी, जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई. मामले की सूचना डायल-112 को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस कंटेनर ट्रक को सेमरिया थाना ले गई और लोगों के सामने कंटेनर खुलवाकर जांच की. जांच में कंटेनर के अंदर 15 से 20 लीटर क्षमता के प्लास्टिक के कई ड्रम मिले, जिनमें लकड़ी का बुरादा भरा हुआ था. सेमरिया थाना प्रभारी केदार परौहा ने बताया कि चालक की बेटी का शनिवार को जन्मदिन था.

# संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखे : शुक्ल

**रीवा, 09 मार्च. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा के भूविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेमीनार के ब्रोशर का विमोचन मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया. यह सेमीनार नेचुरल रिसोर्सेज एंड एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी विषय पर 18 और 19 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा.**



इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना आज पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है. ऐसे में शैक्षणिक संस्थानों द्वारा इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर सेमीनार आयोजित करना अत्यंत सराहनीय पहल है. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान के बारे में गहन जानकारी मिलती है. महाविद्यालय के प्राचार्य रवीन्द्रनाथ तिवारी ने बताया कि सेमीनार का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, उनके उचित प्रबंधन तथा पर्यावरणीय सततता के प्रति अकादमिक और सामाजिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना है. इस राष्ट्रीय सेमीनार में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, शोधार्थी और विद्यार्थी भाग लेंगे.

कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, खनिज संसाधन प्रबंधन और भू-पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे विषयों पर विशेषज्ञ अपने शोध और विचार प्रस्तुत करेंगे. महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस सेमीनार के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा. आयोजकों को उम्मीद है कि यह सेमीनार विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए ज्ञान-विनिमय का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा.

**रंगपंचमी** ▶ यह इंदौर की चाक चौबंद सफाई व्यवस्था का उदाहरण

# मात्र 35 मिनट में गैर मार्ग की सड़कें साफ

**इंदौर,09 मार्च. रंगपंचमी के गेर निकलने के बाद नगर निगम ने हर साल की तरह इस साल भी विशेष सफाई अभियान चलाया. मात्र 35 मिनट में राजबाड़ा क्षेत्र में सड़कों की सफाई कर दी गई. यह इंदौर की चाक चौबंद सफाई व्यवस्था का उदाहरण है.**



इंदौर की ऐतिहासिक तथा परंपरागत रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर में कई गाड़ियों से हजारों टन रंग, गुलाल ,पानी से पूरे गेर मार्ग गंदगी और कचरा जमा हो जाता है. आज फिर नगर निगम की टीम ने मात्र 35 मिनट में गैर मार्ग पर व विशेष कर शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई कर सड़कें चकाचक कर दी. यही है कारण है कि इंदौर पूरे देश में सफाई में अव्वल है. नगर निगम ने गैर समाप्त होने के तुरंत बाद सफाई व्यवस्था हेतु व्यापक संसाधन तैनात किए थे. इसके तहत 10 स्वीपिंग मशीन, 7 डंपर, 6 जेसीबी मशीन, 3 लॉन्ग हॉलिंग वाहन, 3 ट्रैक्टर, 30 ओपन वाहन, 20 जेट प्रेशर मशीन तथा 400 से अधिक सफाई मित्रों की विशेष टीम ने गैर मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई कार्य कर सड़कों को पुन: स्वच्छ कर दिया. इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा कचरा प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित करने के लिए गैर मार्ग के विभिन्न स्थानों पर कचरा संग्रहण की विशेष व्यवस्था की गई थी. साथ ही अलग-अलग स्थानों पर कचरा एकत्रित करने व उठाने का कार्य किया गया.




# रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन की होगी शुरूआत

▶ 100 से अधिक पैरामेडीकल स्टाफ भाग लेगा, सीएम और सिंधिया करेंगे शुभारंभ

**शिवपुरी, 09 मार्च. मध्यप्रदेश शासन, माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन, रोटरी अंतर्राष्ट्रीय डिस्ट्रिक्ट 3053 के संयुक्त प्रयास से 8 दिवसीय रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन 17 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित किया जायेगा.**

इसका शुभारंभ 16 मार्च को शिवपुरी में होगा। इस स्वास्थ्य शिविर में ग्वालियर अंचल से 137 चिकित्सक और 100 से अधिक पैरामेडीकल स्टाफ भाग लेगा। शिविर के शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सामाजिक नि:शक्तजन एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के आने की संभावना है। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय में रीजनल डायरेक्टर डॉ. नीलम सक्सेना एवं डीन डॉ. आर.के.एस. धाकड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, सचिव एवं आगामी प्रांतपाल डॉ. प्रदीप पाराशर, कोषाध्यक्ष उदित चतुर्वेदी के अलावा डीन राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडीकल कॉलेज शिवपुरी डॉ. परमहंस, सीएमएचओ ग्वालियर डॉ. सचिन श्रीवास्तव, सीएमएचओ शिवपुरी डॉ. संजय श्रषिश्वर, सिविल सर्जन शिवपुरी डॉ. बी.एल. यादव, कैंसर हॉस्पिटल के मुख्य न्यासी डॉ. बी.आर. श्रीवास्तव, बीआईएमआर हॉस्पिटल के एक्जिक्यूटिव ट्रस्टी गोविन्द देवड़ा, पाण्डे, डॉ. राजपूत समाजसेवी एवं ग्वालियर का काम देखने के लिये कृष्ण बिहारी गोयल, डॉ. भदकारिया एवं अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन में एम्स दिल्ली एवं भोपाल, अरविन्दो हॉस्पिटल इंदौर सहित देश के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल से लगभग 250 चिकित्सक आ रहे है जो 8 दिन तक मरीजों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायेंगे।